


# आयुष्मान भारत योजना 2019

By Kisan Kheti Ganga

आयुष्मान भारत योजना. 2019

(डा0 तपनारायण सिंह रामगढ़)

इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराना है। इसके अन्तर्गत आने वाले प्रत्येक परिवार को 5 लाख तक का कैशरहित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जायेगा। पहले जहां गंभीर बीमारियों के इलाज करवाने में गरीब नागरिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वही अब इस योजना के अंतर्गत कोई भी गरीब नागरिक 500000 तक का इलाज आसानी से करवा सकता है। आयुष्मान बीमा योजना के अंतर्गत सभी प्रकार की गंभीर बीमारियां जैसे- कैंसर, दिल की बीमारी, किडनी, लीवर डायबिटीज समेत करीब 1300 से अधिक बीमारियों का इलाज करवाया जा सकता है। इस योजना का लाभ किसी भी सरकारी अथवा रजिस्टर्ड प्राइवेट हॉस्पिटल से प्राप्त किया जा सकता है। आयुष्मान भारत योजना को प्रभावी ढंग से देश में लागू करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर दिए जा रहे हैं ताकि नागरिकों को लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े और सही समय पर सही लाभ प्राप्त कर सकें।

आयुष्मान भारत योजना गोल्डन कार्ड आप नीचे बताए जा रहे 2 जगह से बनवा सकते हैं।

- जन सेवा केंद्र से
- रजिस्टर्ड सरकारी अथवा गैर सरकारी अस्पतालों से

**आयुष्मान भारत योजना की प्रमुख विशेषताएंः**

- हर साल मिलेगा 5 लाख रूपए का कवर
- देश के किसी भी सरकारी/निजी अस्पताल से उठा सकते हैं लाभ
- 16 से 59 वर्ष की आयु के बीच के हर व्यक्ति को मिलेगा लाभ।
- सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पतालों में मिलेगा लाभ।
- डायरेक्ट व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर होंगे पैसे।
- पेपरलेस और कैशलेस ट्रांजेक्शन को मिलेगा बढ़ावा।
- हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की योजना।
- पैकेज के आधार पर होगा इलाज। हर राज्य में यह योजना लागू हो गई है।